विधान परिषद के प्रथम सत्र-2025 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री राज बहादुर सिंह चन्देल,मा 0सदस्य, विधानपरिषदद्वारा पूंछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-04का उत्तर।

	प्रश्न	उत्तर
4.	(क)क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि अशासकीयसहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूलों में रिक्त सहायक अध्यापकों व व प्रधानाध्यापकों के पदों पर भर्ती हेतु विभाग द्वारा दिनांक25फरवरी, 2021 को को विज्ञापन प्रकाशित कराया गया था?	अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूलों में प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापक के चयन परीक्षा का विज्ञापन दिनांक 01 मार्च, 2021 को सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा कराया गया था। था।
	(ख) यदि हॉं, तो उक्त भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कर पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति कब तक प्रदान करायेंगे?	सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश, प्रयागराजद्वारा प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापकभर्ती परीक्षा आयोजित कराकर परीक्षा परिणाम दिनांक 15.11.2021 को प्रकाशित किया गया था। मा0 उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्या-17233/2021 में पारित आदेश के अनुपालन में संशोधित परीक्षा परिणाम दिनांक 06.09.2022को घोषित किया गया। संशोधित परीक्षा परिणाम के विरूद्ध मा0 उच्च न्यायालय में योजित याचिका संख्या-15944/2022 विपिन सिंह बनाम स्टेट आफ यू0पी0 व अन्य को समविषयक याचिका संख्या-15241/2022 रंजीत कुमार यादव व 28 अन्य को सम्बद्ध करते हुए दिनांक 15 फरवरी, 2024 को याचिका खारिज कर दी गयी। अवगत कराना है कि याचिका संख्या 15241/2022 रंजीत कुमार यादव व 28 अन्य के साथ सम्बद्ध याचिका संख्या 15944/2022 विपिन सिंह बनाम स्टेट ऑफ

यू0पी0 व अन्य में दिनांक 15-02-2024 को मा0 न्यायालय द्वारा अंतिम आदेश के अनुपालन में चयन प्रक्रिया की जानी है।

दिनांक 16-03-2024 से 04-06-2024 तक लोकसभा सामान्य निर्वाचन की अधिसूचना प्रभावी होने के दृष्टिगत भर्ती प्रक्रिया में अग्रतर कार्यवाही नहीं की जा सकी है।

मा0 उच्च न्यायालय के उपरोक्त आदेश के पश्चात उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त बेसिक स्कूल(जूनियर हाई स्कूल) (अध्यापकों की भर्ती एवं सेवा शर्तें) (सातवां) संशोधन नियमावली-2019 के प्राविधानों के अनुसार भर्ती की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

संदीप सिंह
राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार)
बेसिक शिक्षा।